# सागवाडा लाईव न्यूज़



**सुचना-**

विज्ञापन, खबरों के लिए या हमारे साथ जुडने के लिए वाट्सएप पर संपर्क करें- , 8209335497
हमें निष्पक्ष पत्रकारिता में रुचि रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है।

डिजिटल अंक | Dungarpur, Banswara, Udaipur, Kota, Salumber, Chittor, pratapgarh

सागवाड़ा से प्रकाशित | Pages 04 | RNI- RAJHIN/25/A1329 | www.vagadlive.in | Editor- Jitendra singh chouhan

9 अक्टूबर 2025 गुरुवार | ● वर्ष - ९ | ● अंक २९ | ● पृष्ठ ०४ | ● मूल्य - निशुल्क | ● www.vagadlive.in


# दो लग्जरी कारों से अवैध शराब जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तार

## बोनट में मिली 140 बोतल, डूंगरपुर पुलिस ने 'ऑपरेशन स्वच्छता' में की कार्रवाई





डूंगरपुर की धंबोला थाना पुलिस ने ऑपरेशन स्वच्छता के तहत बुधवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने थाने के बाहर नाकेबंदी के दौरान शराब से भरी दो लग्जरी कारों को जब्त किया है। पुलिस ने दोनों कारों के बोनट में छिपाकर रखी शराब की 140 बोतल जब्त की है। वहीं, 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। डूंगरपुर जिले के धंबोला थाने के थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि पुलिस की ओर से अवैध शराब तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन स्वच्छता चलाया जा रहा हैं। इसी अभियान के तहत मुखबिर के जरिए सागवाड़ा से सीमलवाड़ा होकर गुजरात शराब तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना पर थाने के बाहर नाकेबंदी की गई। इस दौरान दो कारे आगे पीछे आते हुए दिखाई दी। पुलिस ने दोनों कारों को रुकवाकर तलाशी ली। इस दौरान दोनों कारों के बोनट में शराब छिपाकर रखी हुई थी। जिस पर पुलिस ने दोनों कारों को जब्त किया। एक कार से शराब की 69 बोतल व दूसरी कार से 71 बोतल शराब बरामद की। पुलिस ने उदयपुर निवासी विजय सिंह, डूंगरपुर जिले के बांदेला निवासी सुभाष चंद्र लबाना और डूंगरपुर के निठाउवा निवासी दिलीप लबाना को आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया है। पुलिस तस्करों से पूछताछ कर रही है।



## इंदौर जा रही बस को पुनाली घाटे पर लूटने का प्रयास, ड्राइवर की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

डूंगरपुर जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र में वारदात, हथियारबंद बदमाश भागे

डूंगरपुर। इंदौर जा रही एक प्राइवेट स्लीपर बस को मंगलवार देर रात बदमाशों ने पुनाली घाटे के पास लूटने का प्रयास किया। हालांकि बस चालक की चतुराई और सवारियों की मौजूदगी से बड़ा हादसा टल गया। वारदात के बाद बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।बस संचालक पदमसिंह डाबी ने बताया कि बस मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे डूंगरपुर से इंदौर के लिए रवाना हुई थी। जैसे ही बस पुनाली घाटे की ढलान पर पहुंची, तभी पीछे से आ रही एक ईको कार (नंबर RJ 12 CB 8670) ने अचानक बस के आगे कट मारते हुए गाड़ी रोक दी।बस चालक ने तत्काल ब्रेक लगाकर बस रोकी ही थी कि कार से 7-8 युवक लाठी और तलवार लेकर बाहर निकले और बस चालक की ओर दौड़े। इसी दौरान चालक ने केबिन की लाइट ऑन कर दी, जिससे बस में बैठे यात्रियों ने शोर मचा दिया। हल्ला सुनकर हमलावर घबरा गए और वहां से भाग निकले। चालक ने बताया कि बदमाशों का इरादा बस में लूटपाट और तोड़फोड़ करने का था, लेकिन सवारियों के विरोध और शोरगुल के कारण वे भाग गए। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से गुंडागर्दी और आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। हाल ही में दोवड़ा थाने में इलाज के दौरान एक आरोपी की मौत के मामले में सीआई समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित किए गए थे, जिससे इलाके में पुलिस की पकड़ कमजोर मानी जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दो से तीन संदिग्धों को डिटेन किया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। ग्रामीणों ने रात के समय क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और बदमाशों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर अभियान प्रगति की हुई समीक्षा

### सभी विभागों को डाटा अपडेशन करने के निर्देश



सागवाड़ा लाईव न्यूज़

मुख्य सचिव सुधांशु पंत की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर्स की बैठक लेते हुए ग्रामीण सेवा शिविर, शहरी सेवा शिविर, स्वस्थ नारी सशक्त नारी, टीबी मुक्त भारत, स्वच्छ भारत मिशन, आपदा प्रबंधन अभियानों एवं कार्यों की समीक्षा कर प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान विभिन्न विभागों के निर्धारित इंडिकेटर्स पर किए गए कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही पंच गौरव, धरती आबा अभियान, चौपाटी डेकोरेशन, राइजिंग राजस्थान के बारें में भी आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए जिला स्तर पर डी ओ आई टी वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने वीडियो कांफ्रेंस के पश्चात जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली तथा बिंदुवार समीक्षा करते हुए जहां न्यून प्रगति है वहां पर फोकस करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को किए गए कार्यों के डाटा अपडेशन करने के निर्देश दिए।इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश चंद्र धाकड़, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पहाड़िया सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

## ग्रामीण सेवा शिविर आज

संवाददाता | सागवाड़ा लाईव न्यूज़

Indergarh- ग्रामीण सेवा शिविर के तहत 09 अक्टूबर 2025 को डूंगरपुर की ग्राम पंचायत मेताली, रोहनवाडा, दोवडा की ग्राम पंचायत कोलखण्डा खास, पांतली, बिछीवाडा की ग्राम पंचायत धामोद, मालमाथा, झौथरी की ग्राम पंचायत डोल कुन्जेला, वासूवा, चिखली की ग्राम पारडा दरियाटी, माला खोलडा, सीमलवाडा की ग्राम पंचायत रास्ता, सागवाडा की ग्राम पंचायत बमासा, पारडा सरोदा, गलियाकोट की ग्राम पंचायत अम्बाडा, डैयाणा, साबला की ग्राम पंचायत दोलपुरा, वलाई, आसपुर की ग्राम पंचायत बडलिया, खलिल में शिविर आयोजित होगें।

## ऑपरेशन शिकंजा के तहत अवैध शराब परिवहन करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



डूंगरपुर जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन शिकंजा" के तहत अवैध रूप से शराब परिवहन करने वालों पर नकेल कसने के लिए लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में थाना साबला पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध देशी हथकशीद महुवा शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रघुवीर सिंह उ.नि. ने जानकारी देते हुए बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा एवं वृत्ताधिकारी आसपुर हनुवंत सिंह भाटी के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को पैदल ही एक प्लास्टिक जरीकेन में 8 लीटर देशी हथकशीद महुवा शराब परिवहन करते हुए किशन पिता कालु मीणा उम्र: 35 वर्ष निवासी काब्जा, थाना साबला को गिरफ्तार किया है। बरामदगी के बाद शराब को जब्त कर नियमानुसार मुकदमा दर्ज किया गया तथा अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही में मानशंकर, हैड कांस्टेबल, थाना साबला, आशीष कुमार, कांस्टेबल, थाना साबला, शैलेन्द्र कुमार, कांस्टेबल, थाना साबला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

## मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

संवाददाता | सागवाड़ा लाईव न्यूज़

राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के आवेदन के लिए राज्य बीमा एवं प्रावधायीनिधि विभाग जिला डूंगरपुर के कार्यालय में हेल्पडेस्क स्थापित की गई है। जहां पर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक कृष्णलाल मीणा ने बताया कि योजना में असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिकोंए पथ विक्रेताओं तथा लोक कलाकारों जिनकी आयु 41 से 45 वर्ष के मध्य हैए के कल्याणार्थ राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना प्रारंभ की गई हैए इसमें 100 रुण् के मासिक अंशदान पर 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3000 रुण्मासिक पेंशन दी जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज - मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के अन्तर्गत आवेदन के लिए जन आधार कार्डए आधार कार्ड स्वयं व मनोनीत का ई.श्रम कार्ड व बैंक पासबुक की फोटो प्रतिए जन आधार कार्ड में पंजीकृत मोबाइल। प्रथम किस्त 100 रुण् ऑनलाइन जमा होगी।

---> पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरडा में कक्षा-9 एवं कक्षा-11 में सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु समानान्तर प्रवेश परीक्षा 2026 हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 तक बढाई। अभ्यार्थी ऑनलाइन आवेदन वेबसाईट पर निःशुल्क कर सकते है आवेदक किसी सरकारी, सरकारी मान्यता प्राप्त व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय में वर्तमान सत्र 2025-26 में कक्षा - 08 एवं कक्षा - 10 के डूॅगरपुर जिले में अध्ययनरत तथा डूॅगरपुर जिले का निवासी होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय ठाकरडा में 9199282440 तथा 8079092369 एवं 9039288771 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

---> 17 सितम्बर 2025 से राज्य के समस्त जिलों के ब्लॉक में ग्रामीण सेवा शिविर (उपखंण्ड स्तरीय जनसुनवाई) का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड़ ने बताया कि शिविरों के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जन-प्रतिनिधिगण की व्यवस्तता को दृष्टिगत रखतें हुए 09 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाले अटल जन सेवा शिविर (उपखंड स्तरीय जनसुनवाई) को स्थगित किया जाता है।

## दी डूंगरपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि., डूंगरपुर के वित्त से कडीबन्धित महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य को एक दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम"



राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबन्ध संस्थान (राइसेम) जयपुर द्वारा डूंगरपुर सीसीबी बैंक प्रधान कार्यालय में बुधवार को बैंक से कडीबन्धित महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्योंध्पदाधिकारियों को एक दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सहायक रजिस्ट्रार राइसेम सुरेश चौधरी ने महिलाओ के उत्थान के लिए सीखने के वातावरण का निर्माण, व्यवसाय प्रारम्भ करने हेतु वित्त प्राप्ति एवं वित्त प्रबन्धन आदि के बारे में जानकारी दी। श्रीमती शीला जैन प्रशिक्षक द्वारा महिलाओं को सिलाई, कडाई, बुनाई, मेकअप एवं ब्युटी पार्लर इत्यादी का प्रशिक्षण दिया गया। डीडीएम नाबार्ड महेश सांखला द्वारा नाबार्ड द्वारा प्रायोजित योजनाओ की विस्तार से जानकारी दी। उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां डूंगरपुर मदनलाल द्वारा अन्तर्राट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के बारें में जानकारी देते हुए सहकारिता सदस्यता अभियान से जुडने एवं सहकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। प्रबन्ध निदेशक राजकुमार खाण्डिया बैंक ने प्रचलित ऋण योजनाओं की जानकारी देते हुए सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को साकार करने की जानकारी से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पयुष बिश्नोई, मितार्थ श्रीमाली, प्रदीप भट्ट, ओमप्रकाश, धर्मेश किशोर चौबीसा, दुर्गानारायण राठौड, सारांश जैन, मनीष मीणा एवं सुश्री ज्योति आदि उपस्थित रहे। मुख्य प्रबन्धक प्रशांत मेहता बैंक ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया ।

## जीएसटी में कमी से किसानों को प्रत्यक्ष मिला लाभ

संवाददाता | सागवाड़ा लाईव न्यूज़

**सरकार की योजना** प्रधानमंत्री कुसुम योजना के कंपोनेंट-बी के तहत स्थापित किए जाने वाले सौर ऊर्जा संयंत्रों की दर में कमी आई है। यह कमी सौर संयंत्रों पर लागू जीएसटी दर घटने के कारण हुई है। इस निर्णय से किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिलेगा। उप निदेषक उद्यानिकी डॉ विकास चेचानी ने बताया कि अब किसानों को अपने हिस्से की राशि पहले की तुलना में कम जमा करवानी होगी । उन्होंने बताया कि 3 एचपी सबमर्सिबल पंप (विद नॉर्मल कंट्रोलर) के लिए सामान्य श्रेणी के किसान को पहले रू 1,01,124 जमा करवाने होते थे, जो अब घटकर 96,770 रह गए हैं। इसी क्रम में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी के किसान को पहले रू 56,124 जमा करवाने होते थे, जो अब घटकर रू 51, 770 रह गए हैं। उन्होंने बताया कि 5 एचपी सबमर्सिबल पंप (विद नॉर्मल कंट्रोलर) के लिएसामान्य श्रेणी के किसान को पहले रू 1,29,221 जमा करवाने होते थे, जो अब घटकर रू 1,23,657 रह गए हैं। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी के किसान को पहले रू 84,221 जमा करवाने होते थे, जो अब घटकर रू 78,657 रह गए हैं। 22 सितंबर 25 से पूर्व फर्म द्वारा जारी बिलो की पत्राबलियो पर संयत्र की दरें व अनुदान पुराने प्रावधान अनुसार ही यथावत रहेगा । डॉ चेचानी ने बताया कि जीएसटी दर में कमी से सौर संयंत्रों की लागत में यह कमी आई है। इस निर्णय से किसान अब कम लागत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर सकेंगे। इससे न केवल उनकी बिजली पर होने वाला खर्च घटेगा, बल्कि वे कृषि कार्यों में सौर ऊर्जा के उपयोग से आत्मनिर्भर और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील भी बनेंगे। यह कदम किसानों की आर्थिक उन्नति एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अनुसूचित जनजाति कृषको के लिए जनजाति क्षेत्रिय विकास विभाग, उदयपुर द्वारा राशि 621.43 लाख उधान विभाग, डूंगरपुर को हस्तान्तरित किये जा रहे है, जिस से जिले के 870 अनुसूचित जनजाति कृषको को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा। वरियता में आने वाले 870 अनुसूचित जनजाति कृषको के यहां निःशुल्क सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की जावेगी।











खबर, बिज्ञापन के लिए संपर्क करे

सागवाड़ा लाईव न्यूज़ - 8209335497


कुचामन में रमेश रुलानिया मर्डर मामला, राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी व परिजनों और पुलिस प्रशासन के बीच बनी सहमति, कुचामन वृताधिकारी और थानाधिकारी के कुछ पुलिसकर्मियों को हटाया जाए, पूर्व में फिरौती मामले में गिरफ्तार हुए आरोपी शफीक की अवैध संपतियों को ध्वस्त किया जाए, मृतक रमेश रुलानिया के परिवार को सुरक्षा दी जा सके साथ ही रमेश रुलानिया की हत्या में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए

## प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं सर्कस चल रहा है-डोटासरा

### आगामी अंता उपचुनाव में कांग्रेस की जीत निश्चित



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ बूंदी संवाददाता/कमलेश शर्मा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री भरत सिंह कुंदनपुर के अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल होकर वापस जयपुर लौटते हुए बूंदी निजी होटल में रुके कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में सरकार नहीं सर्कस चल रहा है। जिनकी कमान दिल्ली में बैठे नेताओं के हाथ में है। प्रदेश में पर्ची सरकार है हर तरफ अराजकता का माहौल है लायन आर्डर बिगड़ चुका है,अपराध बढ़ रहे हैं मंत्रियों की अधिकारी नहीं सुन रहे हैं लोग त्रस्त हैं अधिकारी मस्त हैं। हादसों पर हादसे होते जा रहे हैं और मुख्यमंत्री सबूत मिटाने और बेतुके बयानबाजी में लगे हुए हैं। जनता को किसी प्रकार की राहत नहीं है आगामी अंता उपचुनाव में कांग्रेस की जीत निश्चित है। हिट दौरान बूंदी विधायक हरि मोहन शर्मा व कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रहे बूंदी दौरे पर

## राज्य सरकार पर कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाएं बंद करने का लगाया आरोप





मीडिया से रूबरू होते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

● **बुंदी, संवाददाता/ कमलेश शर्मा बूंदी। अशोक गहलोत मंगलवार को बूंदी दौरे पर रहे इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए गहलोत ने बताया की स्वर्गीय भारत सिंह जी कुंदनपुर हमारे वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहे हैं एक ईमानदार सच्ची सेवा के रूप में काम करते आए हैं जैसे ही उनके निधन का समाचार मिला हम सभी दुख से व्याकुल हुए इस अपूर्णीय क्षति को कभी पूरा नहीं किया जा सकता। गहलोत में भाजपा सरकार के ऊपर आरोप लगाया है कि यह हर कार्य में विफल रही है दिन ब दिन बड़ी बड़ी घटनाएं होती जा रही है।**

**कोई सुनने वाला नहीं है जनता किसके पास समस्याएं लेकर जाए। उन्होंने भाजपा सरकार पर कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का भी आरोप लगाया। इस दौरान विधायक शांति धारीवाल, हरिमोहन शर्मा,सत्येश शर्मा, रामकरण मीणा, टीकम जैन, निशांत नुवाल, मनवीर सिंह मौजूद रहे।**

## लाखेरी पुलिस ने नाबालिक बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को किया गिरफ्तार



कमलेश शर्मा/ सागवाड़ा लाईव न्यूज़ संवाददाता बुंदी/.लाखेरी शहर के गणेश विस्तार योजना क्षेत्र में गत दिनों नाबालिक बालिका से छेड़छाड़ करने के आरोपी को गिरफ्तार करने में लाखेरी पुलिस को सफलता मिली। गत दिनों आरोपी ने घर पर अकेला पाकर नाबालिक बालिका के घर में घुसकर उससे से छेड़छाड़ किया।उक्त घटना के दौरान नाबालिक बालिका के माता- पिता मजदूरी करने गए हुए थे। उक्त घटनाक्रम की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर थानाधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की। जिस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी कन्हैया लाल सैनी पुत्र गिरिराज माली आयु 29 साल निवासी गणेश विस्तार योजना लाखेरी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। आरोपी को नाबालिक बालिका से छेड़छाड़ करने के जुर्म में धारा 74, 333 बीएनएस व 7/8 पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। गठित पुलिस टीम में थानाधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा, एएसआई बाबूलाल नागर, कांस्टेबल राधेश्याम, महावीर गुर्जर शामिल रहे।

## कमलपुरा हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, तेज रफ्तार ट्रक ने खड़े ट्रेलर को मारी टक्कर, एक की मौत, चालक घायल



रामगंजमंडी मंडी संवाददाता सचिन वैष्णव/ रामगंजमंडी क्षेत्र के कमलपुरा हाईवे पर दर्दनाक हादसा हो गया। एक तेज़ रफ़्तार आयशर ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ट्रेलर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक में सो रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।बुधवार सुबह करीब 9 बजे हाइवे टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि एक आयशर ट्रक तीनधार से दरा की ओर जा रहा था। कमलपुरा गांव के पास पहुंचते ही ट्रक ने हाईवे किनारे खड़े ट्रेलर को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया और उसमें सवार युवक अंदर ही फंस गया। सूचना मिलते ही मोड़क थाना पुलिस और हाइवे टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद फंसे युवक को बाहर निकाला गया। दोनों घायलों को सीएचसी मोड़क पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक अतुल पुत्र रामवीर सिंह निवासी हाथरस (उत्तर प्रदेश) को मृत घोषित कर दिया। वहीं चालक सूरज पुत्र राजपाल को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचना दी है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कोटा दक्षिण निगम की बोर्ड बैठक 3 मिनट में खत्म:

### बैठक में कांग्रेस के चार ही पार्षद पहुंचे, लेकिन चर्चा में कुछ नहीं कह सके



कोटा ब्युरो रिपोर्ट

कोटा नगर निगम दक्षिण की बोर्ड बैठक बुधवार को आयोजित हुई। लेकिन महज तीन मिनट में बैठक में एजेंडा पास करवा लिया गया। एजेंडे को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई, तीन मिनट में बैठक राष्ट्रगान के साथ खत्म हो गई। बैठक में कांग्रेस के चार ही पार्षद पहुंचे, लेकिन चर्चा को लेकर कुछ न कह सके। वो कुछ बोलते उससे पहले ही बैठक समापन कर राष्ट्रगान करवा दिया गया। दरअसल, नगर निगम कोटा दक्षिण की बैठक बजट बैठक के बाद नहीं हुई थी। करीब 6 महीने बाद बैठक का आयोजन रखा गया था। इस बैठक में दो ही प्रमुख पॉइंट थे। इसमें एक पिछली बोर्ड बैठक में हुए निर्णयों ओर कार्यों का अनुमोदन करना और दूसरा नगर निगम कोटा दक्षिण को विभिन्न विकास कार्यों के लिए हडको से स्वीकृत लोन और कामों के लिए आयुक्त को अधिकार देने का अनुमोदन करवाना था। मीटिंग 11 बजे शुरू हुई। मीटिंग में बीजेपी के ज्यादातर पार्षद मौजूद रहे। कांग्रेस के चार पार्षद ही नजर आए। मीटिंग राष्ट्रगीत के साथ शुरू हुई ओर उसके बाद दो मिनट में सभी कामों का अनुमोदन कर दिया गया। इसके बाद जैसे ही कांग्रेस पार्षद कुछ बोलने को खड़े हुए। राष्ट्रगान शुरू करवा दिया गया। यानी सिर्फ तीन मिनट के अंदर अंदर 6 महीने बाद हुई मीटिंग बिना किसी चर्चा के खत्म कर दी गई। बैठक खत्म होने के बाद कांग्रेस के कुछ पार्षद मीटिंग हॉल के बाहर खड़े नजर आए। हाथों में मेयर के खिलाफ लिखे नारे लिए वे मीटिंग के विरोध में खड़े थे। डिप्टी मेयर पवन मीणा ने कहा- मीटिंग में विपक्ष की बाते कोई नहीं सुनता है। कांग्रेस पार्षद अपनी बात रख नहीं पाते उससे पहले मीटिंग खत्म कर दी जाती है। इसलिए मीटिंग का बहिष्कार किया गया था, जो पार्षद अंदर गए उन्हें बहिष्कार की सूचना समय पर नहीं मिल सकी थी। वहीं, तीन मिनट के अंदर मीटिंग खत्म होने को लेकर मेयर राजीव अग्रवाल ने कहा- हम तो बैठक को लंबा चलना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस के कुछ पार्षद हल्ला करते हैं। मीटिंग में मुख्य चर्चा हो नहीं पाती। बुधवार की मीटिंग को लेकर उन्होंने कहा कि इसमें एक ही मुद्दा था, उसका अनुमोदन के लिए बैठक रखी गई थी। पिछले कार्यों का भी अनुमोदन कर दिया गया।




## कोटा में प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने चाकू मारेः पुलिस ने कहा

### घायल ने खुद ही चाकू से पेट पर चीरा लगाया, लड़की को परेशान करता था



कोटा में एक बार फिर चाकूबाजी की वारदात सामने आई है। देर रात तलवंडी इलाके में एक युवक पर प्रेम प्रसंग के चलते चाकू से हमला कर दिया गया। इस हमले में युवक घायल हो गया। वहीं, पुलिस की जांच में सामने आया कि युवक ने खुद ही चाकू से अपने पेट में चीरा लगाया। फिर हॉस्पिटल में भर्ती हो गया। घायल महेंद्र ने बताया- उसको दोस्त महेश कुमार ने चाकू मारे, जिसके बाद मौके से फरार हो गया। यह हमला एक लड़की के चक्कर में हुआ। मैं एक लड़की से बातचीत करता था, जो पहले महेश की प्रेमिका रह चुकी थी। कुछ समय पहले लड़की ने महेश से संबंध तोड़ लिए थे, लेकिन हाल ही में उसने फिर से महेश से बात करना शुरू कर दिया। इसी बात से नाराज होकर महेश ने डिएवी स्कूल के पास बुलाकर चाकू से हमला कर दिया। जवाहर नगर थाना अधिकारी राम लक्ष्मण ने बताया- घायल महेंद्र एक लड़की को परेशान कर रहा है। महेश कुमार पर वह दबाव बना रहा था कि उसे लड़की से बात करवाए। इस पूरे मामले की जांच की गई। घायल ने खुद को ही चाकू से पेट में चीरा लगाया और अस्पताल जाकर भर्ती हो गया। ये खुद बदमाश प्रवृत्ति का है अभी कुछ समय पहले ही मर्डर के मामले में जेल से छूट कर आया है। महावीर नगर थाने में भी उसे लड़की ने महेंद्र के खिलाफ परेशान करने की शिकायत दी थी।

## सरकार ने एक मांग मानी, पर मजदूरों का बकाया अब तक नहीं मिला; कहा— त्यौहार भी धरनास्थल पर ही मनाएंगे



जेके फैक्ट्री के कर्मचारियों का धरना बुधवार को 233वें दिन में प्रवेश कर गया। मजदूरों ने 18 फरवरी 2025 से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन शुरू किया था, लेकिन लंबे संघर्ष के बावजूद अब तक पूरी तरह समाधान नहीं हो सका है। कर्मचारियों ने बताया कि सरकार ने उनकी एक मांग को तो स्वीकार कर लिया है, लेकिन अब तक मजदूरों का बकाया भुगतान नहीं किया गया। मजदूरों ने साफ कहा है कि जब तक उन्हें उनका मेहनताना और हक नहीं मिलेगा, तब तक यह धरना जारी रहेगा। मजदूरों ने यह भी ऐलान किया कि आने वाले सभी त्यौहार धरनास्थल पर ही मनाए जाएंगे, ताकि सरकार को उनकी पीड़ा का एहसास हो सके। मजदूर नेता हबीब भाई, अशोक सिंह, सतीश, नरेश सिंह, हनुमान सिंह, केदार जोशी, गोपाल शर्मा और रहिशा सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने एकजुट होकर सरकार से जल्द से जल्द उनका बकाया जारी करने की मांग की।




## कोटा में युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जानः पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया



कोटा के रानपुर थाना क्षेत्र के दाढ़ देवी रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। स्टेशन मास्टर ने बताया कि एक युवक ने दाड़ देवी स्टेशन की ओर से आ रही ट्रेन के आगे अचानक छलांग लगा दी। स्टेशन मास्टर ने तुरंत रानपुर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कोटा मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मॉच्युरी में रखवाया। थाना अधिकारी रामविलास मीणा ने बताया कि मृतक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। उसकी पहचान के लिए आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है। उन्होंने ने बताया कि घटना अचानक हुई कि ट्रेन चालक के पास ट्रेन रोकने का कोई मौका नहीं था। इस हादसे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान कर रही है साथ ही घटना के कारणों का भी पता लगाने की कोशिश कर रही है। मामले में कोटा रेलवे विभाग और रानपुर थाना पुलिस मिलकर जांच कर रहे हैं।